शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार

मध्यावधि अभ्यास पत्र

(2025-2026)

कक्षा – बारहवीं

गृह विज्ञान (064)

समय : 3 घंटे | अधिकतम अंक : 70

सामान्य निर्देश

1 सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

2. इस प्रश्न पत्र मे कुल 32 प्रश्न हैं।

3.प्रश्न पत्र तीन खंडों-क, ख और ग में विभाजित है।

4.खंड क में प्रश्न संख्या 1 से 14 बहु विकल्पीय प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।

5 खंड ख में प्रश्न संख्या 15 से 21 प्रत्येक 2 अंक के है और प्रश्न संख्या 22 से 25 प्रत्येक 3 अंक के है।

6.खंड ग में प्रश्न संख्या 26 से 30 प्रत्येक 4 अंक के है और प्रश्न संख्या 31 और 32 प्रत्येक 5 अंक के है।

7.कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

8 जहां भी आवश्यक हो, उपयुक्त उदाहरणों के साथ अपने उत्तर लिखें।

खंड क (बहुविकल्पीय प्रश्न )

1 तीन से छह वर्ष की आयु के बालक को विद्यालय पूर्व बच्चा क्यों कहा जाता ? 1

(क) औपचारिक शिक्षा शुरू होने के कारण

(ख) वह ऐसे परिवेश में रहने के लिए तैयार होता है जो परिवार से बाहर का होता है ।

(ग )फुदक कर चलने की प्रवृत्ति के कारण

(घ )जिज्ञासु प्रवृत्ति के कारण

2 सामुदायिक रेडियो की प्रमुख विशेषता क्या है? 1

(क) विज्ञापनों द्वारा लाभ अर्जित करना

(ख) अधिक निवेश की आवश्यकता

(ग) स्थानीय लोगों द्वारा चलित व नियंत्रित

(घ ) हिंदी भाषा का अधिक उपयोग

3 ऑपरेशन के तुरंत बाद ,तीव्र ज्वर में ,वमन या अतिसार की स्थिति में रोगी को कैसा आहार दिया जाता है? 1

(क) सामान्य आहार

(ख) तरल आहार

(ग )तैयार मृदु आहार

(घ )नरम आहार

4 डिब्बा बंद खाद्य पदार्थ की प्रक्रिया को किसने और किस वर्ष में विकसित किया? 1

(क) निकोलस ऐप्पर्ट ,1810

(ख) लुई पाश्चर 1810

(ग) निकोलस ऐप्पर्ट 1920

(घ) किरण मजूमदार शा , 1880

5 विकास संचार का वह माध्यम जिसमें किसी विशेष उद्देश्य की पूर्ति के लिए विभिन्न संचार विधियां तथा सामग्री जैसे बैठकों, पत्रों के लेख, पत्रक ,भ्रमण यात्राओं आदि का प्रयोग किया जाता है ,क्या कहलाता है ? 1

(क) अभियान

(ख) मुद्रण माध्यम

(ग) सूचना संचार प्रौद्योगिकी

(घ) पत्रकारिता

6 प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा का मूल उद्देश्य क्या है? 1

(क) नैतिक शिक्षा प्रदान करना

(ख) पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना

(ग) औपचारिक विद्यालय के लिए तैयार करना

(घ )औपचारिक शिक्षा प्रदान करना

7 वे पदार्थ जो स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं, प्राकृतिक खाद्य पदार्थों के भाग या निर्मित खाद्य उत्पाद हो सकते हैं और जिन में स्वास्थ्य लाभ के लिए विशिष्ट पदार्थ मिलाए जाते हैं क्या कहलाते हैं? 1

(क) चिकित्सीय खाद्य पदार्थ

(ख )जैव सक्रिय योगिक

(ग) पादपरसायन

(घ )पोषण औषध

**8** सामाजिक उद्यमी के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा सही है**?** **1**

**(**क**)** सामाजिक उद्यमी नव प्रवर्तक और अपनी कंपनी के लिए लगातार काम करते हैं।

**(**ख **)**सामाजिक उद्यमी अपनी कंपनी को आर्थिक लाभ पहुंचते हैं।

**(**ग**)** सामाजिक उद्यमी आसान समाधानों की अपेक्षा रखते हैं।

**(**घ**)** सामाजिक उद्यमी कमजोर और वंचित समूह के कल्याण के लिए कार्य करते हैं।

**9** जुनैद एक बच्चे को गोद लेना चाहता है। गोद लेने की प्रक्रिया को सुगम बनाने वाली सरकारी एजेंसी कौन सी है**? 1**

**(**क**)** के. ए .आर. ए

**(**ख **)**सी .ए .आर .ए

**(**ग **)** एस. ओ .एस

**(**घ**)** आई.सी.डी.एस

**10** पाश्चुरीकरण विधि का प्रयोग किस उद्देश्य के लिए किया जाता है **?** **1**

**(**क**)** रोग उत्पन्न करने वाले जीवो को नष्ट करने के लिए

**(**ख **)**विविधता के लिए

**(**ग **)**पोषण मूल्य बढ़ाने के लिए

**(**घ **)**स्वाद बढ़ाने के लिए

**11** खाद्य पदार्थ में अनुमोदित परिरक्षक रंगों का अधिक उपयोग**___**का उदाहरण है। **1**

**(**क **)**रासायनिक संकट

**(**ख**)** भौतिक संकट

**(**ग**)** खाद्य अपमिश्रण

**(**घ **)**जैविक संकट

**12** सूची **I** को सूची **II** के साथ मिलान कीजिए। **1**

सूची **I(**कार्यक्रम**)** सूची **II(**गतिविधि**)**

**1** राष्ट्रीय सेवा योजना **I** पर्वतारोहण

**2** राष्ट्र स्वयंसेवक योजना **II** रेलियां तथा जंबूरिया

**3** साहसिक गतिविधियों को प्रोत्साहन **III** वृक्षारोपण

**4** स्काउट और गाइड **IV** औपचारिक शिक्षा

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुने-

**(क)1-IV,2-III,3-II,4-I**

**(ख) 1-I,2-II,3-III,4-IV**

**(ग ) 1-III,2-IV,3-I,4-II**

**( घ)1-III,2-I,3-IV,4-II**

**13** नीचे दो कथनो को अभिकथन **(A)** और कारण **( R )**के रूप में अंकित किया गया है **-** **1**

अभिकथन **(A):** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना **22** जनवरी **2015** को शुरू की गई थी।

कारण **(R) :** यह सरकार के आर.टी.ई अधिनियम को लागू करने में सहायक है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुने **:**

**(क ) A** और **R** दोनों सही हैं और **R, A** की सही व्याख्या है।

**(ख) A** और **R** दोनों सही हैं **,** लेकिन **R , A** की सही व्याख्या नहीं है।

**( ग )A** सही है**,** लेकिन **R** गलत है।

**(घ) A** गलत है लेकिन **R** सही है **I**

**14** नीचे दो कथन दिए गए हैं जिन्हें अभिकथन **(A)** और कारण **( R )**के रूप में लेबल किया गया है**I** **1**

अभिकथन**(A:)** भोजन आधारित कार्य नीतियां संवेदनशील समूह के लिए अधिक लाभदायक हैं।

कारण**(R):** इन योजनाओं में अति मात्रा या आविषालुता का खतरा नहीं होता।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुने **:**

**(क ) A** और **R** दोनों सही हैं और **R, A** की सही व्याख्या है।

**(ख) A** और **R** दोनों सही हैं **,** लेकिन **R , A** की सही व्याख्या नहीं है।

**( ग )A** सही है**,** लेकिन **R** गलत है।

**(घ) A** गलत है लेकिन **R** सही है **I**

खंड ख ( अति लघु और लघु उत्तर प्रश्न)

**15** क. खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम **2006** के कोई दो उद्देश्य लिखिए। **2**

अथवा

**15** ख. विश्व व्यापार संगठन के कोई दो विशेषताएं लिखिए।

**16** क. नीलिमा बैंक में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। अपने कार्यस्थल पर उसे किन दो आवश्यक प्रक्रिया कौशल का पालन करना चाहिए **?** **2**

अथवा

**16** ख. मनप्रीत निर्यात उद्यम की अपनी नौकरी से संतुष्ट है। व्यक्ति का कार्य के प्रति रवैये को क्या कहते हैं और यह किस प्रकार कार्य जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करता है **?** **2**

**17** क. दस वर्षीय राजू को पुलिस ने जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया। उसके साथ किस अधिनियम के तहत व्यवहार किया जाएगा**?** इस अधिनियम की प्रमुख विशेषता लिखिए। **2**

अथवा

**17** ख बहादुर की **13** साल की बेटी अपहरण के बाद मिल गई है**,** लेकिन उसका परिवार उसे रखने को तैयार नहीं है। उस सरकारी संस्था**/**गृह के बारे में बताइए जो उसे आश्रय और देखभाल प्रदान कर सकती है। **2**

**18** रेड रिबन एक्सप्रेस एचआईवी एड्स के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए देशव्यापी अभियान था। इस परियोजना को कार्यान्वित करने वाली किसी एक राष्ट्रीय एवं एक अंतरराष्ट्रीय एजेंसी के नाम लिखिए **?** **2**

**19** शिशु केंद्र **(**क्रेच**)** के बारे में बताते हुए कोई दो बिंदु लिखें। **2**

**20** रोहिणी खाद्य प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पेयजल की थैली का व्यवसाय शुरू करना चाहती हैं**।**
सरकार से उसे क्या सहायता मिल सकती है**?** **2**

**21** प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा के संदर्भ में मनोवैज्ञानिक जीन पियाजे और वयागोतसकी के सिद्धांत किस प्रकार भिन्न है **?** **2**

**22** एंथनी ने अपनी विश्वविद्यालय की शिक्षा पूरी करने के बाद पंजीकृत आहार विशेषज्ञ की योग्यता का प्रमाण पत्र प्राप्त किया है। वह जीविका के किन तीन साधनों का चयन कर सकता है **?** **3**

**23** क. आधुनिक युग में खाद्य प्रसंस्करण और प्रौद्योगिकी का महत्व बढ़ने के कोई तीन कारण

लिखिए। **3**

अथवा

**23** ख खाद्य संसाधन की सीमा और प्रकार के आधार पर कोई तीन प्रकार के संसाधित खाद्य पदार्थ उदाहरण सहित लिखिए

**24** क श्रुति **12** माह की है। उसके सामाजिक विकास की कोई तीन विशेषताएं बताइए। **3**

अथवा

**24**ख कैथरीन **3** वर्ष की है। इस आयु के बच्चों की विशेषताएं लिखिए।

**25** .भारत में स्वास्थ्य सेवा के स्तर और उनके उदाहरण लिखिए। **3**

खंड ग **(**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न**)**

**26** विकास संचार और पत्रकारिता का सिद्धांत और व्यवहार निरंतर विकसित हो रहा है और आज यह हमारे जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। **4**

**I** विकास संचार शब्द से आप क्या समझते हैं **?**

**II** विकास संचार की कोई एक अपेक्षित विशेषता लिखिए।

**III** विकास संचार के माध्यम के रूप में प्रिंट मीडिया और टेलीविजन की तुलना करें।

**27** क .जीविका का चयन जीवन का सबसे महत्वपूर्ण निर्णय है।जुबेदा **12**वीं कक्षा की परीक्षा के बाद जीविका के चयन को लेकर असमंजस में है। **4**

**I** उसे अपना निर्णय लेते समय किन कारकों पर विचार करना चाहिए**?**

**II** जीविका और आजीविका में अंतर स्पष्ट कीजिए।

अथवा

**27** ख भारत में एक महत्वपूर्ण चुनौती है कि पारंपरिक ज्ञान और कौशल पर आधारित व्यवसाय जो तेजी से अपना महत्व खो रहे हैं**,** उनका पुनरुद्धार किया जाए। **4**

**I** परंपरागत व्यवसाय के कुछ उदाहरण दीजिए।

**II** परंपरागत व्यवसाय के पुनरुद्धार के कोई चार तरीके लिखिए।

**28 I** खाद्य पदार्थ का शेल्फ लाइफ (विकार्यता) के आधार पर वर्गीकरण कीजिए I **4**

**II** खाद्य पदार्थ को नष्ट करने वाले मुख्य सूक्ष्म जीव कौन से हैं **?**

**29 I** नैदानिक पोषण और आहारिकी से आप क्या समझते हैं **4**

**II** नैदानिक पोषण और आहारिकी के कोई तीन महत्व लिखिए ।

**30** नकली व संदूषित खाद्य पदार्थ न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है ,अपितु इनसे व्यापार और पर्यटन को भी क्षति पहुंचती है। **4**

**I** खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने वाली किन्ही दो प्रणालियों के पूरे नाम लिखिए ।

**II** खाद्य गुणवत्ता और सुरक्षा बनाए रखने में खाद्य नियंत्रण प्रणाली की कोई दो भूमिका लिखिए।

**31 I.** अपने छोटे भाई को अति पोषण से होने वाले कोई चार संभावित कुप्रभावो/ खतरों से अवगत कराएं। **5**

**II.** उसे अतिपोषण के कोई तीन कारण भी बताएं, जिनसे दूर रहकर वह स्वयं को स्वस्थ रख सके।

**32** वृद्ध जनों के संवेदनशील होने के किन्हीं पांच कारणों पर विस्तार से चर्चा करें। **5**

अथवा

भारत में वृद्ध जनों के लिए चलाए गए कोई पांच कार्यक्रमों के बारे में लिखिए ।